क्या युवाओं क़ो राजनीति में आना चाहिए क्यों कि जिस तरह से भारत क़ो युवाओं का देश माना जाता है उस तरह से ऐसा बिलकुल नहीं है कि भारतीय राजनीति में युवाओं की भागीदारी हो।

लोक सभा में युवाओं से ज्यादा बुजुर्गो की भागीदारी है वर्ष 1952 सांसदों की औसतन उम्र 46.5 वर्ष थी लेकिन वर्तमान की लोक सभा में 56 साल से ज्यादा के 51% हो गए है जोकि 1952 में 19% थे

संसद में उम्र दराज सांसदों की संख्या बताइये**?**
पिछ्ले कुछ वर्षों में लोकसभा में बुजुर्ग सांसदों का बोल -बाला (प्रतिनिधित्व) बढ़ता गया है, पहली लोक सभा में मात्र 19% एमपी 56 से अधिक उम्र के थे। 2024 में उनका प्रतिनिधित्व 51% तक पहुंच गया यानी उम्र दराज सांसदों का प्रतिनिधित्व पहली लोक सभा के मुकाबले 18वीं लोक सभा में करीब 3 गुना बढ़ गया।



पहली लोकसभा में **70** से अधिक उम्र के कितने एमपी थे**?**

वर्ष 1952 में 70 से अधिक उम्र का केवल एक सांसद था मौजूदा लोकसभा में उनकी मौजूदगी 8.10% तक हो गयी है।

1st लोक सभा तथा **18th** लोकसभा में सांसदों का अंतर बताइये**?**
पिछ्ले 70 वर्षों में लोकसभा सांसदों की औसतन उम्र बढ़ती गयी गई। 1952 में सांसदों की औसत उम्र 46.5 साल थी जो मौज़ूदा लोकसभा में 55.6 साल हो गयी है यानी देश युवा होता जा रहा है लोकसभा बूढ़ी होती जा रही है।

प्रतिनिधित्व सूचकांक फार्मूला कैसे करते हैं**?**

एक आयु वर्ग की लोकसभा में मौजूदगी क़ो देश में उस आयु वर्ग के प्रतिशत से भाग किया और उसे 100 के फैक्टर से गुणा किया। इसको ऐसे समझते हैं
यदि 25 से लेकर 40 साल की आयु वर्ग के सांसद लोकसभा में 20% थे और देश में इस वर्ग की आबादी 25% थी। इस तरह से 20 क़ो 25 से भाग किया और 100 के फेक्टर से गुणा किया तो सूचकांक 80 बना |

लोक सभा में युवाओं से ज्यादा बुजुर्गो की भागीदारी है 1952 सांसदों की औसतन उम्र 46.5 वर्ष थी लेकिन वर्तमान लोक सभा में 56 साल से ज्यादा के 51% हो गए है |
जोकि 1952 में 19% थे |

लोकसभा में 1951 से 2024 तक

प्रतिनिधित्व का सूचकांक

25-40 के सांसद इस उम्र की आबादी

लोकसभा सांसदों की 25-40 इस उम्र सूचकांक

औसत उम्र उम्र के सांसद की आबादी

पहली 46.5 30.30 22:25 138

दूसरी 46.7 33.74 21.63 156

तीसरी 49.4 22.95 21.00 109

चौथी 48.7 25.61 20.25 126

5वीं 49.2 21.03 19.65 107

छठी 52.1 20.43 19.74 103

7वीं 49.9 23.70 20.28 117

8वीं 51.4 19.40 21.93 88

9वीं 51.3 16.48 22.30 74

10वीं 51.4 17.82 22.52 79

11वीं 52.8. 14.72 22.80 65

12वीं 46.4 14.77 22.91 54

13वीं 55.5 14.42 22.97 63

14वीं 52.2 13.94 23.22 60

15वीं 53.7 14.68 23.81 62

16वीं 53.8 12.71 24.58 52

17वीं 54.3 11.97 25.23 47

18वीं 55.6 10.68 25.76 41